UTTAR PRADESH EXPRESSWAYS INDUSTRIAL DEVELOPMENT AUTHORITY
A Block, 5th Floor, Picup Bhawan, Gomti Nagar, Lucknow-226010
☎ 0522—2307542 / 2307592, FAX: 0522—4013560
EMAIL: upeida2@gmail.com WEBSITE: upeida.up.gov.in

# प्रेस नोट

**लखनऊ, 09 सितंबर 2026**

## क्राउन पैकेजिंग इंडिया ने उन्नाव में ₹2,078.44 करोड़ के निवेश से देश में अपनी पहली विनिर्माण इकाई की आधारशिला रखी

## उन्नाव स्थित संयंत्र से 1,500 से अधिक अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर होंगे सृजित; पैकेजिंग क्षेत्र को मिलेगा नया प्रोत्साहन

उत्तर प्रदेश में औद्योगिक निवेश को गति देने की दिशा में बुधवार को एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की गई, जब **Crown Packaging India Pvt. Ltd**. द्वारा उन्नाव स्थित इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग एंड लॉजिस्टिक्स क्लस्टर (IMLC) में अपनी ग्रीनफील्ड एल्युमिनियम बेवरेज कैन विनिर्माण इकाई की आधारशिला रखी गई। लगभग **₹2,078.44 करोड़** के निवेश से स्थापित होने वाली यह परियोजना Crown Holdings की भारत में पहली विनिर्माण इकाई है।

लगभग **40 एकड़ क्षेत्रफल में आईएमएलसी उन्नाव के प्लॉट संख्या-4 पर स्थापित की जा रही इस अत्याधुनिक इकाई में देश में तेजी से बढ़ते पेय पदार्थ उद्योग की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एल्युमिनियम बेवरेज कैन का निर्माण किया जाएगा।**

परियोजना के माध्यम से लगभग 200 प्रत्यक्ष रोजगार तथा लॉजिस्टिक्स, वेयरहाउसिंग, परिवहन, रखरखाव, सप्लायर नेटवर्क एवं सहायक उद्योगों के माध्यम से 1,500 से अधिक अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होने की उम्मीद है। इससे क्षेत्र में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार एवं आर्थिक अवसरों का विस्तार होगा।

आधारशिला समारोह को संबोधित करते हुए **माननीय औद्योगिक विकास मंत्री श्री नन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी** ने कहा कि उत्तर प्रदेश में अब केवल तेजी से औद्योगिक इकाइयों का पंजीकरण ही नहीं हो रहा है, बल्कि उन्हें धरातल पर उतारकर युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित किए जा रहे हैं। उन्नाव में स्थापित होने वाली क्राउन की इकाई इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण उदाहरण है।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के औद्योगिक इकोसिस्टम में अंतरराष्ट्रीय कंपनियों का बढ़ता विश्वास राज्य की नीतियों, निवेश-अनुकूल वातावरण और बेहतर औद्योगिक अवसंरचना का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि प्रदेश माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ के एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य की दिशा में सही मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। राज्य की 36 से अधिक सेक्टर-विशिष्ट नीतियां एवं निवेश प्रोत्साहन राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय कंपनियों को उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए आकर्षित कर रही हैं।

**भारत में क्राउन का पहला विनिर्माण निवेश**

Crown Packaging India Pvt. Ltd. का गठन **मार्च 2026** में हुआ है। यह Crown Holdings की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है तथा इसका पंजीकृत कार्यालय लखनऊ में स्थित है। परियोजना का मूल्यांकन **उत्तर प्रदेश की FDI, Fortune Global 500 एवं Fortune India 500 Companies Investment Promotion Policy-2023** के अंतर्गत किया गया है।

प्रस्तावित संयंत्र की प्रारंभिक स्थापित उत्पादन क्षमता लगभग **116.2 करोड़** एल्युमिनियम कैन प्रतिवर्ष होगी, जिसे चरणबद्ध रूप से बढ़ाकर लगभग **178.6 करोड़** कैन प्रतिवर्ष किया जाएगा। परियोजना के प्रथम वर्ष में लगभग **67 करोड़** कैन के उत्पादन का अनुमान है, जबकि नौवें और दसवें वर्ष तक उत्पादन क्षमता लगभग **170 करोड़ कैन** प्रतिवर्ष तक □हुंचने का अनुमान है।

यह परियोजना उत्तर प्रदेश में पैकेजिंग एवं विनिर्माण क्षेत्र के विस्तार के साथ-साथ राज्य में वैश्विक कंपनियों के बढ़ते निवेश विश्वास को भी प्रदर्शित करती है। इससे स्थानीय आपूर्ति

श्रृंखला, लॉजिस्टिक्स, परिवहन, वेयरहाउसिंग और सहायक औद्योगिक गतिविधियों को भी प्रोत्साहन मिलने की संभावना है।

समारोह में **श्री दीपक कुमार, इंफ्रास्ट्रक्चर एंड इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कमिश्नर (IIDC), श्री आलोक कुमार, अपर मुख्य सचिव, इंफ्रास्ट्रक्चर एंड इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट, श्री मनोज कुमार सिंह, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन, तथा श्री शशांक चौधरी, अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी, इन्वेस्ट यूपी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।**

क्राउन होल्डिंग्स की ओर से **श्री Djalma Novaes Jr., EVP एवं COO, तथा श्री Mark Ketcheson, President, Crown Bevcan EMEA** ने समारोह में भाग लिया।

उन्नाव में क्राउन पैकेजिंग की इस परियोजना के धरातलीकरण से उत्तर प्रदेश के औद्योगिक परिदृश्य में एक और महत्वपूर्ण वैश्विक निवेश जुड़ा है। यह परियोजना राज्य के विकसित होते विनिर्माण इकोसिस्टम, निवेश-अनुकूल नीतियों तथा विश्वस्तरीय औद्योगिक अवसंरचना की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।